Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 20-03-2007

Participants : Sai Shri Vishnu Dev

an>

Title: Need to provide stoppage of Express trains at Raigarh Railway Station, Chhattisgarh.

श्री विणु देव साय (रायगढ़) : महोदय, रायगढ़ औद्योगिक एवं व्यापारिक दृटि से रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण जगह है। यह मेरे संसदीय क्षेत्र में मात्र दो रेलवे स्टेशनों में से प्रमुख है। यह एक बहुत बड़ा व्यापारिक केन्द्र भी है एवं एक औद्योगिक नगरी के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र की अधिकांश जनता अनुसूचित जनजाति की है एवं अत्यधिक गरीब है और उनके लिए यही सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन है। इसलिए मैं माननीय रेल मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि निम्नलिखित ट्रेनों का रायगढ़ में स्टॉपेज दिया जाये -

1. संत ग्यानेश्वरी एक्सप्रेस, ट्रेन क्र. 2152, जो कुर्ला से हावड़ा तक चलती है।

2. हापा हावड़ा एक्सप्रेस, ट्रेन क्र. 2905, जो हापा से कुर्ला तक चलती है।

3. समरसता एक्सप्रेस, ट्रेन क्र. 2102, जो कुर्ला से हावड़ा त चलती है।

इन ट्रेनों को रायगढ़ स्टापेज देने से एक ओर जहां छत्तीसगढ़ के करीब दो करोड़ लोगों की भावनाओं एवं संवेदनाओं को संतुटि मिलेगी वहीं दूसरी ओर रायगढ़, जशपुर एवं सरगुजा जिले से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को न्याय मिल सकेगा।